बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-263
19/05/2020

भागलपुर के नवगछिया में बस और ट्रक की टक्कर में 9 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- प्रत्येक मृतक के परिवार को चार–चार लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश

पटना, 19 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भागलपुर के नवगछिया अन्तर्गत बस और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की हुई मौत पर गहरी दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल हुये लोगों के समुचित इलाज का भी निर्देश दिया है और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे छिपकर, पैदल, रेल ट्रैक और ट्रकों के जरिये आवाजाही न करें।

****